सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-398
06/09/2017

उद्योग मंत्री श्री जयकुमार सिंह, बिहार स्टेट प्लानिंग बोर्ड के सदस्य श्री ए0एन0पी0 सिन्हा, अरवल जिला प्रशासन सहित विभिन्न संस्थानों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में किया अंशदान

पटना 06 सितम्बर, 2017 :– आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में उद्योग मंत्री श्री जयकुमार सिंह ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये एक लाख एक हजार रूपये का चेक सौंपा।

श्री ए0एन0पी0 सिन्हा सदस्य बिहार स्टेट प्लानिंग बोर्ड ने एक लाख 26 हजार, अरवल के जिला प्रशासन के पदाधिकरियों, कर्मियों तथा अरवल जिले के सम्मानित नागरिकों ने 8 लाख 70 हजार 410 रूपये, तिरूपति सुगर मिल्स लिमिटेड बेतिया ने पॉच लाख रूपये, प्रशांत मेमोरियल चैरिटेबल हॉस्पिटल मुजफ्फरपुर ने एक लाख रूपये, दि न्यू पटना क्लब ने 2 लाख 51 हजार रूपये का अंशदान मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बॅटाना चाहिये।

******